VIVEKANANDA VIDYA MANDIR

(A C.B.S.E. Affiliated New Generation English Medium Co-Ed School)

RANCHI
ESTD : 1970

From KG to Class XII
Run By:
SRI RAMAKRISHNA SEVA SANGHA

Ref :............................ *Date :*............................

VVM/2018-2892 26th May 2018

प्रेस विज्ञप्ति

अपने गौरवपूर्ण इतिहास एवं प्रतिबद्धता को गौरवान्वित करते हुए विवेकानन्द विद्या मंदिर ने केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में एक बार फिर से बुलन्दियों की उन आकांक्षाओं को पार किया है जिसका निष्कर्ष निकालना कतिपय मुश्किल है।

इस बार की परीक्षा में विद्यालय से कुल 313 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 07 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ। यह विद्यालय के लिए एक मील का पत्थर है।

विद्यालय के शशांक शेखर विज्ञान संकाय में 94 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रहे तथा अदिति सिंह भारद्वाज वाणिज्य संकाय में 90.2 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रहीं।

परीक्षा परिणाम छात्र–छात्राओं के अथक परिश्रम एवं स्वयं पर विश्वास का प्रतिक है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री काशी नाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष श्री मलय कुमार नंदी एवं सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए परीक्षापरिणाम को शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के अथक प्रयास का परिणाम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा ने के कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष का परीक्षापरिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखलाया है। विद्यालय इस क्रम में निरंतर सर्वोत्तम स्थिति को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्राचार्या डॉ. किरण द्विवेदी ने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने बारहवीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहरा कर हम सबों को गौरवान्वित किया है। "कोशिश करने वालों की हार नहीं होती", इसे उन्होंने साकार कर दिखाया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकगण के प्रयास एवं मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है। हमारे प्रबंधन के अध्यक्ष श्री काशी नाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष श्री मलय कुमार नंदी एवं सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा के यथोचीत परामर्श एवं सुविधाएँ प्रदान करने के लिए विद्यालय परिवार आभारी है। मैं परीक्षा के इस परिणाम से जुड़े प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जुड़े सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देती हुँ एवं विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना करती हुँ

(डॉ. किरण द्विवेदी)
प्राचार्या

SECTOR II, JAGARNATH NAGAR, DHURWA, RANCHI – 834 004
Tel : (0651)2440954, 2441422 Fax: 2441422
Email : vvm.ranchi@gmail.com, vivekananda_mandir@yahoo.co.in